# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## गृह विज्ञान महाविद्यालय में अल्यूमनी मीट का आयोजन

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा एल्युमिनाई मीट एवं कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसके मुख्य अतिथि डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर थे। कार्यक्रम में डा. रितिका भट्ट सहायक प्राध्यापिका, कृषि व्यवसाय प्रबंधन; डा. गायत्री, सहायक प्राध्यापक, बिहार; श्रीमती अंशुल टंडन, श्री देवराज सिंह नेगी, प्रोजेक्ट ऑफिसर, छौब्ड, कु. सृष्टि चौहान, लेफ्टिनेंट भारतीय सेना, कु. मोनिका चंद अतिथि वक्ता आमंत्रित थे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ डा. के.पी. रावेरकर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय गीत प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम कु. सृष्टि चौहान, लेफ्टिनेंट भारतीय सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित कर अपने अनुभवों का साझा किया। इस श्रृंखला में श्री देवराज, प्रोजेक्ट आफिसर ने विद्यार्थियों को अपने विद्या अध्ययन के समय शैक्षिक गतिविधि के साथ खेलकूद एवं एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों में भी प्रतिभाग करने को कहा। कु. मोनिका चंद ने अपने अनुभव साझा किए। डा. रितिका भट्ट सहायक प्राध्यापक ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के युग की आवश्यकता को देखते हुए विद्यार्थियों को मल्टीटास्किंग में परफेक्ट होना चाहिए। श्रीमती अंशुल टंडन ने विद्यार्थियों को स्वयं सहायता समूह की कार्यविधि एवं संचालन के विषय के बारे में बताया।

डा. के.पी. रावरेकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वरोजगार हेतु प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्यूमिनी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। वह अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने को प्रेरित करता हैं। डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय ने गृह विज्ञान की शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. नीतू डोभाल, डा. सोनू रानी, डा. रागिनी मिश्रा, डा. पूजा टम्टा, सभी विभागध्यक्ष एवं शिक्षिकायें आदि उपस्थित थी। कार्यक्रम का आयोजन डा. अल्का गोयल, प्रेसीडेट, एल्युमिनी एसोसिएशन एवं डा. नीतू डोभाल, वाइस प्रेसीडेंट, एल्युमनी एसोसिएशन के दिशा–निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में कुल 134 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।




*कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।*